# सामाजिक विज्ञान-087
## प्रतिदर्श प्रश्न पत्र
## कक्षा-X (2025-26)

**समय: 3 घंटे** **अधिकतम अंक: 80**

**सामान्य निर्देश:**

1. प्रश्न पत्र में कुल 38 प्रश्न हैं। सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
2. प्रश्न पत्र चार खंडों में विभाजित है – खंड क: इतिहास, खंड ख: भूगोल, खंड ग: राजनीतिक विज्ञान, और खंड घ: अर्थशास्त्र।
3. प्रत्येक खंड 20 अंकों का है और इसमें बहुविकल्पीय प्रश्न (MCQs), अति लघु उत्तरीय प्रश्न (VSA), लघु उत्तरीय प्रश्न (SA), दीर्घ उत्तरीय प्रश्न (LA) और केस आधारित प्रश्न (CBQ) शामिल हैं।
4. अति लघु उत्तरीय प्रश्न (VSA) प्रत्येक 2 अंक के हैं। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 40 शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए।
5. लघु उत्तरीय प्रश्न (SA) प्रत्येक 3 अंक के हैं। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 60 शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए।
6. दीर्घ उत्तरीय प्रश्न (LA) प्रत्येक 5 अंक के हैं। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 120 शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए।
7. केस आधारित प्रश्न (CBQ) में तीन उप-प्रश्न हैं और ये प्रत्येक 4 अंक के हैं। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 100 शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए।
8. मानचित्र आधारित प्रश्न 5 अंक के हैं, जिसमें दो भाग होते हैं – खंड क (इतिहास) में प्रश्न 9 (2 अंक) और खंड ख (भूगोल) में प्रश्न 19 (3 अंक)।
9. प्रश्न पत्र में समग्र विकल्प नहीं दिया गया है। हालांकि, कुछ प्रश्नों में आंतरिक विकल्प प्रदान किए गए हैं। ऐसे प्रश्नों में केवल एक विकल्प का ही उत्तर देना अनिवार्य है।
10. इसके अतिरिक्त, यह नोट करें कि दृष्टिबाधित विद्यार्थियों के लिए ऐसे प्रश्नों के स्थान पर पृथक प्रश्न दिए गए हैं जिनमें दृश्य संकेत या मानचित्र आधारित जानकारी होती है। ऐसे प्रश्न केवल दृष्टिबाधित विद्यार्थियों द्वारा ही हल किए जाने हैं।

**प्र. क्र.** **खंड- क** **अंक**

**इतिहास (20 अंक)**

**1.** निम्नलिखित का सही मिलान कीजिए- **1**

| | कालम I | | कालम II |
|---|---|---|---|
| क | फ्रेड्रिक सॉरयू | 1 | ज्ञानोदय की मशाल |
| ख | स्वतन्त्रता की प्रतिमा | 2 | निरंकुश संस्थानों के ध्वस्त अवशेष |
| ग | सॉरयू का कल्पनादर्श | 3 | लोकतांत्रिक और सामाजिक गणतन्त्र |
| घ | स्वतन्त्रता की प्रतिमा के सामने की जमीन | 4 | फ्रांसीसी कलाकार |

विकल्प:

1. क - 4, ख -1, ग -2, घ -3
2. क -2, ख - 4, ग - 4, घ -1
3. क 1, ख 2, ग 4, घ 3
4. क 4, ख 1, ग 3, घ 4



कृपया ध्यान दें, शैक्षणिक सत्र 2024-25 की मूल्यांकन योजना वर्तमान सत्र अर्थात 2025-26 में भी जारी रहेगी |

2. नीचे दिए गए चित्र में प्रदर्शित नेता को पहचान कर उनका सही नाम लिखिए 1



*Source-India and the Contemporary World-II, NCERT*

(क) लाला लाजपत राय
(ख) बाल गंगाधर तिलक
(ग) गोपाल कृष्ण गोखले
(घ) राजा राम मोहन राय

**नोट: निम्नलिखित प्रश्न केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए प्रश्न संख्या 2 के स्थान पर है।**
निम्नलिखित में से कौन सा विकल्प स्वराज पार्टी बनाने का सही कारण है?

(क) भारतीयों के लिए पूर्ण स्वराज की मांग के लिए
(ख) काउंसिल राजनीति में लौटने के लिए
(ग) भारत के लिए 'डोमिनियन स्टेट' मांगने के लिए
(घ) साइमन कमीशन का विरोध करने के लिए

3. 19वीं सदी में यूरोप के हजारों लोग निम्नलिखित मे से किस एक कारण से भागकर अमरीका चले गए थे? 1

(क) व्यापक गरीबी और घातक बीमारियों के कारण
(ख) बार-बार आने वाले अकाल और खराब जीवन स्थितियों के कारण
(ग) लगातार युद्धों और राजनीतिक अस्थिरता के कारण
(घ) कठोर जलवायु और बार-बार आने वाली प्राकृतिक आपदाओं के कारण

4. "लुई-सेबेस्टियन" मर्सिए ने कहा "हे निरंकुशवादी शासको, अब तुम्हारे काँपने का वक्त आ गया है ! आभासी लेखक की क़लम के ज़ोर के आगे तुम हिल उठोगे!" इस वाक्य में किन्हें निरंकुशवादी कहा गया है ? 1

(क) समाज को बदलने में लगा शिक्षित वर्ग
(ख) निरंकुश संस्थान जैसे चर्च और राजशाही
(ग) नई पुस्तकों के लेखक
(घ) मुद्रण प्रेस

5. (क). सिल्क रूट पूर्व-आधुनिक काल के जीवंत व्यापार और सांस्कृतिक संबंधों का एक अच्छा उदाहरण था, जो दुनिया के दूर-दूर के हिस्सों को जोड़ता था।" इस कथन को किसी भी दो उदाहरणों के साथ समझाइए। 2



कृपया ध्यान दें, शैक्षणिक सत्र 2024-25 की मूल्यांकन योजना वर्तमान सत्र अर्थात 2025-26 में भी जारी रहेगी |

**अथवा**

(ख). 'कभी-कभी नई फसलें जीवन और मृत्यु के बीच फर्क कर सकती थीं।' इस कथन को समझाइए।

**6.** (क). 'भारत में राष्ट्रवाद की भावना विकसित करने में विभिन्न सांस्कृतिक प्रक्रियाओं ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई' उपयुक्त उदाहरणों से इस कथन की पुष्टि कीजिए। **3**

**अथवा**

(ख). 'नमक मार्च उपनिवेशवाद के खिलाफ प्रतिरोध का एक प्रभावी साधन बन गया' उपयुक्त तर्कों के साथ कथन की पुष्टि कीजिए।

**7.** (क). 'ब्रिटेन में राष्ट्र-राज्य का गठन किसी आकस्मिक उथल-पुथल अथवा क्रांति का परिणाम नहीं था अपितु यह एक लंबी प्रक्रिया का परिणाम था'। उपयुक्त तर्क देकर इस कथन का विश्लेषण कीजिए। **5**

**अथवा**

(ख). "1815 में तैयार की गई वियना संधि का उद्देश्य, नेपोलियन युद्धों के दौरान यूरोप में आए अधिकांश परिवर्तनों को समाप्त करना था" इस संधि के महत्वपूर्ण प्रावधानों को उजागर कीजिए।

**8.** नीचे दिए गए अवतरण को पढ़िए और निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए। **4**

**समाचार पत्र क्यों?**

पूना के कृष्णा जी त्रिंबक रानाडे मराठी का एक अखबार निकालना चाहते हैं,जिसमें स्थानीय दिलचस्पी की तमाम उपयोगी खबरों को जगह मिल सके। इसमें सार्वजनिक उपयोगिता, वैज्ञानिक अन्वेषण के अलावा प्राक्- विद्या,सांख्यिकी,जिज्ञासाओं,देश के विभिन्न हिस्सों के बारे में आमतौर पर और दक्कन पर खास तौर से जानकारियाँ होगी। ऐसे तमाम लोगों से मदद और संरक्षण का निवेदन है,जो ज्ञान के प्रसार और जनकल्याण के इच्छुक हैं।''

बॉम्बे टेलीग्राफ एंड कोरियर,6 जनवरी 1849

"देसी अखबारों और राजनीतिक सभाओं की वही भूमिका होती है,जो इंग्लैंड के हाउस ऑफ कॉमन्स में विपक्ष की होती है यानि कि वह सरकारी नीतियों की आवश्यक समीक्षा कर,लोगों के हित साधने में अक्षम हिस्सों को निकालें और सुधार करें,तथा उनको तेजी से लागू करने का काम करें। इन सभाओं को चाहिए कि वे देश के खास मुद्दों पर नाना प्रकार की सूचनाएं एकत्र करें और बताएं कि क्या प्रभाव और सुधार वांछित हैं। इन कार्यों का काफी असर होगा।

*" स्रोत: नेटिव ओपिनियन, 3 अप्रैल 1870 अनुवादित*

**8.1.** कृष्णाजी द्वारा अखबार निकालने का मुख्य कारण स्पष्ट कीजिए।8.2.

**8.2.** देसी अखबारों और राजनीतिक सभाओं का कार्य किस प्रकार विपक्ष की भूमिका जैसा है?

**8.3.** 19वीं शताब्दी में अखबारों की लोकप्रियता के कारणों का विश्लेषण कीजिए।

**9.** **मानचित्र कौशल-आधारित प्रश्न (2 अंक)** **(1+1=2)**

भारत को दिए गए वैश्विक मानचित्र पर दो स्थानों को 'A'और 'B'के रूप में चिन्हित किया गया है। इनकी पहचान करके उनके सही नाम मानचित्र में अंकित रेखा पर लिखिए।

(क). वह स्थान जहां से सविनय अवज्ञा आंदोलन को शुरू किया गया था।

(ख). वह शहर जहां सितंबर, 1920 को भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की अधिवेशन हुआ था।

**नोट:-निम्नलिखित प्रश्न केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए प्रश्न संख्या 9 के स्थान पर है।**

i. उस स्थान का नाम लिखिए जहां से सविनय अवज्ञा आंदोलन का प्रारंभ हुआ था।

ii. उस शहर का नाम लिखिए जहां सितंबर,1920 को भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का अधिवेशन हुआ था।

## खंड–ब

## भूगोल (20 अंक)

10. समग्र विकास के लिए संसाधनों के विकास हेतु क्या अनिवार्य है? 1

(क) केवल संसाधनों का उपलब्ध होना ही पर्याप्त है

(ख) विदेशी आक्रांताओं की उपस्थिति एवं उनका शासन

(ग) प्रौद्योगिक विकास और संस्थानिक परिवर्तन।

(घ) केवल मानव संसाधन ही विकास के योगदान में सहायक हो सकते हैं।

11. खाली बक्सों को भरने के लिए सही विकल्प चुनिए- 1

मिट्टी का वर्गीकरण

| जलोढ़ मिट्टी | ? | ? |
|---|---|---|
| गन्ना, धान, गेहूं तथा अन्य एवं दाल की फसलों के लिए आदर्श | कपास पैदा करने के लिए आदर्श | काजू जैसी फसलों के लिए आदर्श |

**विकल्प**

(क) काली मिट्टी, लाल और पीली मिट्टी

(ख) लेटराइट मिट्टी, काली मिट्टी

(ग) लाल और पीली मिट्टी, काली मिट्टी

(घ) काली मिट्टी, लेटराइट मिट्टी

12. सरकारी आंकड़ों के अनुसार, पिछले पाँच वर्षों में भारत में कुल 628 बाघों की प्राकृतिक, शिकार एवं अन्य कारणो से मौत हुई है। इसके साथ ही इस काल में 349 लोगों की बाघ के हमलों से मौत हुई है जिसमें केवल महाराष्ट्र में ही 200 मौत रिकॉर्ड की गई हैं। 1

स्रोत:-*Translated* thehindu.com/sci-tech/energy-and-environment/]

निम्नलिखित में से कौन सा विकल्प बाघों के शिकार करने का सबसे महत्वपूर्ण अप्रत्यक्ष परिणाम है?

(क) शिकार प्रजातियों में कमी के कारण बाघों की भोजन की आपूर्ति का कम होना।

(ख) संरक्षित क्षेत्रों में मनुष्यों एवं वन्य जीवों में संघर्ष का बढ़ना।

(ग) बाघों की जनसंख्या में वृद्धि ।

(घ) राष्ट्रीय पार्कों में पर्यटन राजस्व का घटना।

13. वनों के वर्गीकरण के आधार पर निम्नलिखित में से कौन सा कथन जम्मू कश्मीर, आंध्र प्रदेश और केरल जैसे स्थानों पर लागू होता है? **1**

(क) इन स्थानों पर अधिकांशतः वनों को संरक्षण के लिए आरक्षित या संरक्षित वनों के रूप में प्रबंधित किया जाता है।

(ख) वे वनों के संरक्षण के लिए स्थानीय सामुदायिक प्रबंधन और अवर्गीकृत वन पर भरोसा करते हैं।

(ग) उनके पास वन संसाधन हैं और वे प्राथमिक तौर पर औद्योगिक विकास पर ध्यान देते हैं।

(घ) यहां कोई वर्गीकृत वन नहीं है और वनों का प्रबंधन पूरी तरह से निजी स्वामित्व के लिए छोड़ दिया गया है।

14. भारत में निम्नलिखित में से किस राज्य ने छत वर्षाजल के संग्रहण को आवश्यक बना दिया है? **1**

(क) हरियाणा

(ख) पंजाब

(ग) असम

(घ) तमिलनाडु

15. निम्नलिखित में से कौन सा कथन प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के समग्र लक्ष्य का सही मूल्यांकन करता है? **1**

(क) पानी के उपयोग को कम करके बड़े बांधों के नकारात्मक पारिस्थितिकी प्रभावों पर ध्यान देना।

(ख) सिंचाई की बेहतर व्यवस्था प्रदान करना तथा किसानों में सतत पोषणीय जल संरक्षण की आदत निर्मित करना।

(ग) किसानों को पारंपरिक फसलों से अधिक व्यावसायिक तथा गहन पानी की फसलों की ओर प्रेरित करना ।

(घ) प्राकृतिक नदी प्रवाह को संरक्षित करना और जलीय पारिस्थतिकी तंत्र को बिखरने से रोकना ।

16. हरियाणा और पंजाब में चावल को एक व्यावसायिक फसल के रूप में उगाया जाता है, परंतु ओड़िशा में इसे एक जीविका फसल के रूप में उगाया जाता है। भौगोलिक कारकों एवं आर्थिक व्यवहार के संबंध में अपनी समझ के आधार पर स्पष्ट कीजिए कि इन क्षेत्रों में चावल की खेती में अंतर क्यों है? **2**

17. (क) एक व्यक्ति 'प' एक खनिज आधारित उद्योग स्थापित करना चाहता है। उसे ओडिशा में बॉक्साइट उद्योग स्थापित करने की सलाह दी गई है, जो लाभदायक उद्यम स्थापित के लिए एक उपयुक्त तरीका है। इस परामर्श के पीछे के उपयुक्त कारणों का विश्लेषण कीजिए। **5**

**अथवा**

(ख) "कोयला भारत में प्रचुर मात्रा में पाया जाने वाला महत्वपूर्ण जीवाश्म ईंधन है" भारतीय अर्थव्यवस्था के महत्वपूर्ण योगदान का मूल्यांकन करते हुए इस कथन का विश्लेषण कीजिए।

18. निम्नलिखित पाठ को पढ़ें और नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दें: **1+2+1 = 4**

तेजी से आर्थिक विकास, जनसंख्या वृद्धि, और अपर्याप्त पर्यावरण प्रबंधन के कारण वैश्विक प्रदूषण बढ़ रहाहै। इससे लोगों और पारिस्थितिक तंत्र को गंभीर स्वास्थ्य जोखिम होते हैं, खासकर कम और मध्यम आयवाले देशों में। इन चुनौतियों में योगदान करते हुए, वैश्विक अर्थव्यवस्था गहराई से जुड़ी हुई आपूर्ति

श्रृंखलाओं पर निर्भर है, जो हर साल 100 अरब टन से अधिक कच्चे माल के सिस्टम में प्रवेश से चलती हैं। अत्यधिक पदार्थ उपभोग प्राकृतिक संसाधनों को समाप्त करता है और उत्पाद के जीवनचक्र के हर चरण में नकारात्मक पर्यावरणीय प्रभाव पैदा करता है। वैश्विक कचरा 2050 तक 3.4 अरब टन तक बढ़ने की उम्मीद है। सभी प्रकार का प्रदूषण विकास के परिणामों में बाधा डालता है। वायु प्रदूषण, जल प्रदूषण, और हानिकारक रसायन एवं कचरे जैसे पारा, सीसा और स्थायी जैविक प्रदूषक (POPs) से संपर्क से विकलांग और घातक बीमारियाँ होती हैं, हानिकारक जीवन परिस्थितियाँ बनती हैं, और पारिस्थितिक तंत्र नष्ट होते हैं। प्रदूषण सतत आर्थिक विकास को कमजोर करता है, शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में गरीबी और असमानता को बढ़ाता है, और जलवायु परिवर्तन में महत्वपूर्ण योगदान देता है। गरीब लोग, जो प्रदूषण के नकारात्मक प्रभावों से खुद की रक्षा नहीं कर सकते, सबसे अधिक पीड़ित होते हैं। प्रदूषण बीमारी और समय पूर्व मृत्यु का सबसे बड़ा पर्यावरणीय कारण है। माना जाता है कि यह एड्स, तपेदिक, और मलेरिया से होने वाली मौतों से कई गुना अधिक मौतें करता है। वैश्विक स्वास्थ्य संकट, जैसे COVID-19 महामारी, पर्यावरण और स्वास्थ्य के बीच मजबूत कड़ियों और उन कड़ियों को व्यवस्थित रूप से संबोधित करने की आवश्यकता की याद दिलाते हैं।

**18.1.** "आपके विचार में, वैश्विक कचरा 2050 तक क्यों बढ़ने की उम्मीद है?"

**18.2.** निर्माण उद्योग विभिन्न प्रकार के प्रदूषण का कारण कैसे बनते हैं? उदाहरण के साथ समझाइए।

**18.3.** क्या वर्तमान वैश्विक गरीबी और असमानता के बढ़ने के लिए प्रदूषण को एक संभावित कारण माना जाना सही है? तर्क सहित स्पष्ट करें।

**19.** भारत के उसी मानचित्र पर निम्नलिखित को उपयुक्त संकेत के माध्यम से चिन्हित करके उनके सही नाम लिखिए । **1**

**I.** (क) सतलुज व्यास नदी बेसिन में निर्मित बांध जिसका जल विद्युत उत्पादन एवं सिंचाई, दोनों के लिए प्रयोग किया जाता ।

**अथवा**

(ख) महानदी बेसिन में निर्मित बांध जो जल संरक्षण एवं बाढ़ नियंत्रण को समन्वित करता है ।

**II.** निम्नलिखित में से किन्ही दो को चिन्हित कीजिए।

(i) पश्चिम बंगाल की एक प्रमुख बन्दरगाह ।

(ii) तमिलनाडु का अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा ।

(iii) पंजाब का एक अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा ।

**नोट:- निम्नलिखित प्रश्न केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए प्रश्न संख्या 19 (क) स्थान पर हैं।** **(1x2 = 2)**

निम्नलिखित में से किन्हीं तीन का उत्तर लिखिए।

i. महानदी बेसिन में निर्मित बांध का नाम लिखिए जो जल संरक्षण और बाढ़ नियंत्रण को समन्वित करता है।

ii. पश्चिम बंगाल की एक प्रमुख बंदरगाह का नाम लिखिए।

iii. तमिलनाडु में एक अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा का नाम लिखिए।

iv. पंजाब में स्थित एक अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा का नाम लिखिए।

## खंड- ग

## राजनीतिक विज्ञान (20 अंक)

**20.** निम्नलिखित में से कौन सा कथन बेल्जियम के जातीय संगठन के बारे में सत्य है? **1**

(i) बेल्जियम के कुल आबादी के 59% लोग बेलोनिया क्षेत्र में रहते हैं और फ्रेंच बोलते हैं।

(ii) 40% फ्लेमिश क्षेत्र में रहते हैं और डच बोलते हैं।

(iii) बेल्जियम में 1% लोग जर्मन भाषा बोलते हैं।

(iv) राजधानी ब्रूसेल में 80% लोग फ्रेंच और 20% लोग डच भाषा बोलते हैं।

सही विकल्प चुनें:

| | |
|---|---|
| (क) i और ii | (ख) iii और iv |
| (ग) i, ii और ii | (घ) i और iv |

**21.** नीचे दिया गया कार्टून जर्मनी की उस सरकार को दर्शाता है जो 2005 के चुनावों के बाद बनी थी। इसमें देश के दो प्रमुख दल, यानी क्रिश्चियन डेमोक्रेटिक यूनियन और सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी शामिल थे। ये दोनों पार्टियाँ ऐतिहासिक रूप से एक-दूसरे की प्रतिद्वंद्वी रही हैं। निम्नलिखित विकल्पों में से कौन सा इस कार्टून की सबसे उपयुक्त व्याख्या करता है? **1**




(क) गठबंधन सरकार। (ख)दो पार्टी प्रणाली।

(ग) लोकतांत्रिक सरकार (घ) द्विदलीय प्रणाली।

**नोट: निम्नलिखित प्रश्न केवल दृष्टिहीन उम्मीदवारों के लिए है, प्रश्न संख्या 21 (क) के स्थान पर।**

शक्ति साझा करने (Power Sharing) पर निम्नलिखित कथनों पर विचार करें और सही कथन (कथनों) का चयन करें -

I. बहुसंख्यक समुदाय की इच्छा को दूसरों पर थोपना।

II. यह सामाजिक समूहों के बीच संघर्ष की संभावना को कम करने में मदद करता है।

III. शक्ति साझा करना राजनीतिक व्यवस्था की स्थिरता सुनिश्चित करने का एक अच्छा तरीका है।

IV. यह पार्टियों के बीच सामाजिक-राजनीतिक विरोध लाता है।

सही विकल्प चुनें:

(क). I और II (ख). I और III

(ग). II और IV (घ). II और III

**22.** **निम्नलिखित केस पर विचार कीजिए।** 1

मान लीजिए कि भारत सरकार काले धन के प्रभाव को रोकने के लिए विभिन्न मूल्यवर्गों की मुद्रा छापना चाहती है। एक राज्य की सरकार केंद्र सरकार की इस नीति के विरुद्ध है। क्या राज्य सरकार केंद्र सरकार की इस नीति के क्रियान्वयन को रोक सकती है?

(क) हाँ, क्योंकि मुद्रा राज्य सूची का विषय है।

(ख) नहीं, क्योंकि मुद्रा संघीय सूची का विषय है।

(ग) हां,क्योंकि इस परिवर्तन को लागू करने के लिए दोनों सरकारों की सहमति आवश्यक है।

(घ) नहीं, क्योंकि किसी भी परिवर्तन के लिए स्थानीय सरकार की सहमति भी अनिवार्य है।

**23.** नीचे दिए दो कथन, अभिकथन (**अ**) और कारण (**का**) के रूप में दिए गए हैं। कथनों का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए और सही विकल्प को उत्तर के रूप में चुनिए। 1

| | |
|---|---|
| **अभिकथन(अ):** | जाति पर विशेष ध्यान देने से लोकतंत्र में नकारात्मक परिणाम उत्पन्न हो सकते हैं |
| **कारण (का) :** | यह अन्य महत्वपूर्ण विषयों से ध्यान को हटा सकती है तथा तनाव, विवाद और हिंसा तक उत्पन्न हो सकते हैं। |

सही विकल्प चुनें:-

(क) अभिकथन (अ) और कारण (का) दोनों सही हैं तथा कारण (अ) अभिकथन (अ) की सही व्याख्याहै।

(ख) अभिकथन (अ) और कारण (का) दोनों सही हैं परंतु कारण (अ) अभिकथन (अ) की सही व्याख्या नहीं है।

(ग) अभिकथन (अ) सही है परंतु कारण (का) गलत है।

(घ) अभिकथन (अ) गलत है परंतु कारण (का) सही है।

**24.** संघवाद की किन्हीं दो प्रमुख विशेषताओं को उजागर कीजिए। 2

**25.** "भारत में महिलाओं को अनेक प्रकार के भेदभाव, नुकसान और उत्पीड़न का सामना करना पड़ता है।" जीवन के ऐसे दो पक्ष उजागर कीजिए जहां आप इस प्रकार की असमानता देखते हैं। 2

**26.** लोकतंत्र प्रत्येक क्षेत्र में नागरिकों के जीवन को शांति और सामंजस्यपूर्ण बनाता है।उपयुक्त तर्कों से कथन की पुष्टि कीजिए। 3

**27.** (क) लोकतंत्र के प्रभावी संचालन में राजनीतिक पार्टियां एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। व्याख्या कीजिए। 5

**अथवा**

(ख) "भारत में वंशवादी उत्तराधिकार की चुनौती राजनीतिक पार्टियों के लिए प्रमुख चुनौती है" कथन का विश्लेषण कीजिए।

**28.** **नीचे दिए गए अवतरण को पढ़िए और निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।** 4

सन 1948 में श्रीलंका का स्वतंत्र देश के रूप में उदय हुआ। सिंहली समुदाय के नेताओं ने अपनी बहुसंख्या के बल पर शासन पर प्रभुत्व जमाना चाहा। इस कारण से लोकतांत्रिक रूप से निर्वाचित सरकार ने सिंहली समुदाय की प्रभुता कायम करने के लिए बहुसंख्यक परस्ती के तहत कई कदम उठाए। कुछ बरसों में इन कारणों ने श्रीलंकाई तमिलों में बेगानेपन के भावना को बढ़ाया। उन्हें लगा कि बौद्ध धर्मावलम्बी सिंहलियों

के नेतृत्व वाली प्रमुख पार्टियों में से कोई भी उनकी भाषा और संस्कृति के प्रति संवेदनशील नहीं है। समय के साथ सिंहली और तमिलों के बीच संबंध तनावपूर्ण होते गए। दूसरी ओर बेल्जियम के नेताओं ने एक अलग रास्ता अपनाया। उन्होंने क्षेत्रीय अंतरों एवं सांस्कृतिक विविधता को पहचाना। 1970 से 1993 के बीच उन्होंने अपने संविधान में चार बार संशोधन इसलिए किए कि एक ऐसी व्यवस्था बनाई जा सके जिसमें सभी लोग एक ही देश में मिलजुल कर रह सकें। *Source-Adapted from Power Sharing, NCERT*

**28.1.** श्रीलंका में रहने वाले तमिलों की किन्हीं दो मांगों को लिखिए।

**28.2.** श्रीलंका में बहुसंख्यक सरकार के परिणाम का उल्लेख कीजिए।

**28.3.** सत्ता में साझेदारी के बेल्जियम मॉडल के किन्हीं दो प्रावधानों की व्याख्या कीजिए

## खंड-घ
## अर्थशास्त्र ( 20 अंक)

**29.** अल्प रोजगार तब पैदा होता है जब- **1**

(क) अपेक्षित से अधिक लोग एक कार्य में लगाए जाते हैं।

(ख) अपेक्षित से कम लोग एक कार्य में लगाए जाते हैं।

(ग) श्रमिकों को उनके कार्य से अधिक वेतन दिया जाता है।

(घ) नौकरियाँ केवल उच्च शिक्षित लोगों को दी जाती हैं।

**30.** देशों के बीच लोगों की खुशहाली की तुलना करने के लिए 'प्रति व्यक्ति आय' का प्रयोग करने की सीमाओं के बारे में क्या निष्कर्ष निकाला जा सकता है? उत्तर के रूप में सही विकल्प चुनिए। **1**

(क) यह दर्शाता है कि देश में लोगों के बीच आय कितनी समानता अथवा असमानता से वितरित है।

(ख) किसी देश के विकास को समझने के लिए प्रति व्यक्ति आय ही केवल एक तरीका है।

(ग) यह आर्थिक खुशहाली का बुनियादी अनुमान तो देता है परंतु आय की असमानता को छुपा देता है।

(घ) यह केवल देश के औद्योगिक विकास को दर्शाता है तथा अन्य कारकों पर विचार नहीं करता।

**31.** निम्नलिखित में से कौन सा उदाहरण दर्शाता है कि तृतीय क्षेत्रक प्राथमिक और द्वितीयक, दोनों क्षेत्रकों को सहारा देता है। **1**

(क) किसान सब्जियां उगाते हैं और सीधे उपभोक्ताओं को बेच देते हैं जिसमें परिवहन अथवा भंडारण पर कोई खर्च नहीं होता।

(ख) एक फैक्ट्री जूते बनाती है तथा इसके लिए चमड़े जैसे कच्चे माल का उपयोग करती है तथा जूते के वितरण के लिए परिवहन और परचून की दुकानों पर निर्भर करती है।

(ग) एक बेकरी ब्रेड बनाकर वितरण सुविधाओं के माध्यम से उन्हें बिक्री के लिए स्थानीय दुकानदारों तक भेजती हैं जिसमें कच्चे माल की सीधी कोई भागीदारी नहीं होती।

(घ) एक कंपनी लकड़ी का फर्नीचर बनाती है परंतु उत्पाद को बेचने के लिए उसे किसी परिवहन अथवा परचून सेवाओं की जरूरत नहीं होती।

**32.** भारत में करेंसी नोट कौन जारी करता है? **1**

(क). वित्त मंत्रालय (ख).रिजर्व बैंक आफ इंडिया

(ग). स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया (घ). सेंट्रल बैंक आफ इंडिया



**कृपया ध्यान दें, शैक्षणिक सत्र 2024-25 की मूल्यांकन योजना वर्तमान सत्र अर्थात 2025-26 में भी जारी रहेगी |**

33. ' **प** ' नामक एक व्यक्ति यह समझने का प्रयास करता है कि वस्तु विनिमय प्रणाली में जरूरत से दोहरे संयोग की आवश्यकता किस प्रकार व्यापार और विनिमय को सीमित करती है। आपके विचार से वह व्यक्ति निम्नलिखित में से किस तर्क का प्रयोग करेगा? **1**

(क) इससे व्यापार अधिक जटिल हो जाता है, क्योंकि प्रत्येक व्यक्ति को वही चाहिए जो दूसरा व्यक्ति चाहता है, जिससे संभावित व्यापार साझेदारों की संख्या सीमित हो जाती है।

(ख) बार्टर प्रणाली व्यापार के संचालन में कुशलता लाती है क्योंकि दोनों पार्टियों को पता होता है कि आदान-प्रदान में उनकी क्या जरूरत है।

(ग) यह विनिमय की संख्या में वृद्धि करती है क्योंकि प्रत्येक व्यक्ति विशुद्ध रूप से अपनी जरूरत के लिए व्यापार करता है।

(घ) यह प्रणाली यह सुनिश्चित करके वस्तुओं के लिए मूल्य का सृजन करती है कि दोनों पक्षों को एक-दूसरे की वस्तुओं की प्रत्यक्ष आवश्यकता है।

34. वैश्वीकरण के संदर्भ में नीचे दी घटनाओं का उनके परिणामों से सही मिलान कीजिए। **1**

| | **कॉलम- क** | | **कॉलम - ख** |
|---|---|---|---|
| **1.** | विदेशी निवेश में वृद्धि | **i** | वैश्विक बाजार का विस्तार तथा प्रौद्योगिकी तक पहुंच |
| **2.** | सांस्कृतिक आदान प्रदान और जागरूकता | **ii** | पारंपरिक रोजगारों का नष्ट होना |
| **3.** | प्रौद्योगिकी का आदान-प्रदान एवं जागरूकता | **iii** | सांस्कृतिक आचरण, विचार और मूल्यों का विस्तार |
| **4.** | बहुराष्ट्रीय निगमों की वृद्धि | **iv** | वैश्विक बाजार में बड़ी कंपनियां प्रमुख भागीदार होती हैं। |

**विकल्प**

(क) 1-iii 2.ii 3.i 4.iv

(ख) 1-iv 2.ii 3.i 4.iii

(ग) 1-ii 2.iv 3.iii 4.i

(घ) 1-i 2.iii 3.ii 4.iv

35. समाज और व्यक्तियों के समग्र कल्याण में योगदान देने में जन सेवाओं की उपयोगिता का मूल्यांकन कीजिए। **3**

36. औपचारिक क्षेत्र में ऋणों तक पहुंच को विस्तार देना महत्वपूर्ण है, तदापि यह भी उतना ही महत्वपूर्ण है कि राष्ट्रीय विकास के लिए ऋण सभी लोगों के लिए सुलभ हों।' कथन की पुष्टि करें। **3**


37. वैश्वीकरण के विकास में योगदान देने वाले किन्हीं तीन महत्वपूर्ण कारकों को उजागर कीजिए। **3**

38. (क) कोई शोधार्थी दो व्यक्तियों 'म' और 'न' से उनके कार्य के अंतर के बारे में जानने के लिए बात करता है।बातचीत के आधार पर शोधार्थी निष्कर्ष निकालता है कि 'म' एक संगठित क्षेत्र में कार्य कर रहा है जबकि व्यक्ति 'न' एक असंगठित रूप से कार्य करने वाले कार्यस्थल का कर्मचारी है । दोनों क्षेत्रों **5**

के बीच उन प्रमुख अंतरों को उजागर कीजिए जिनके आधार पर शोधार्थी को यह निष्कर्ष निकालने में सहायता प्राप्त हुई।

**अथवा**

(ख) “अर्थव्यवस्था पर निजीकरण के नकारात्मक और सकारात्मक दोनों प्रभाव हो सकते हैं” तर्क देकर कथन की पुष्टि कीजिए।






कृपया ध्यान दें, शैक्षणिक सत्र 2024-25 की मूल्यांकन योजना वर्तमान सत्र अर्थात 2025-26 में भी जारी रहेगी |